प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 09.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. चांडिल स्टेशन के पास आज दो मालगाड़ियों के बीच टक्कर, चांडिल–टाटानगर और चांडिल–बोकारो रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित, कई ट्रेनें स्थगित।
2. रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले राजकीय स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की आईजी ने की समीक्षा, समारोह स्थल में कंट्रोल रुम स्थापित करने का निर्देश।
3. आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने कहा– जिलों में वज्रपात चेतावनी प्रणाली स्थापित की जाएंगी, गोताखोरों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग।
4. चाईबासा में उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी, तीन बंकर ध्वस्त, हथियार बनाने के उपकरण समेत कई अन्य सामान भी किए बरामद।
5. दुमका में खेलो इंडिया के तहत आयोजित रिजनल फुटबॉल चैंपियनशिप में देवघर जोन बना ओवरऑल चौंपियन।

*******************

आद्रा रेलमंडल के चांडिल स्टेशन के पास आज दो मालगाड़ी के बीच आपस में टक्कर हो गई। इस टक्कर से दोनों मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इस दुर्घटना के बाद चांडिल–टाटानगर और चांडिल–बोकारो रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित है। वहीं पटना–टाटानगर वंदे भारत, रांची–हावड़ा वंदे भारत और हटिय–झारसुगड़ा मेमू का आज परिचालन रद्द कर दिया गया है। वहीं, कई ट्रेनों के रुट में भी बदलाव किए गए हैं। रेलवे ने भी इस दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

*******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले राजकीय स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक ने पुलिस पदाधिकारियों को साथ बैठक की। उन्होंने समारोह स्थल में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, वाहन पार्किंग, बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट, सीसीटीवी कैमरे के इंस्टॉलेशन, आकास्मिक स्थिति से निपटने की रणनीति समेत अन्य सभी तैयारियों की समीक्षा की। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर कंट्रोल रुम स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि किसानों के कल्याण और उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। वे रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा में धान रोपनी का जायजा लेने के दौरान उन्होंने ये बाते कही। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों की समस्याओं को जाना और उनके समाधान का भरोसा दिया।

*******************

गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर के बाबा धाम थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी को लेकर आज नगर थाने में गिरफ्तारी देने की घोषणा की है। उनके खिलाफ मंदिर में जबरन घुसने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में गोड्डा सांसद ने पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रबंधन पर कई आरोप लगाए हैं

*******************

चतरा जिले के लावालौंग के रहने वाले दशरथ साव ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुद्रा योजना का लाभ लेकर सफलता की नई इबारत लिखी है।

*******************

आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य के जिलों में चेतावनी प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस प्रणाली के तहत वज्रपात की घटना से लगभग 3 घंटे पहले लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को इसकी सूचना दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वज्रपात और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षा प्रदान के लिए जिलों को विशेष उपकरण उपलब्ध कराने के साथ गोताखोरों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के हैंडेकुली इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान भाकपा माओवादियों के तीन बंकरों को ध्वस्त कर दिया। इन बंकरों से हथियार बनाने के उपकरण समेत कई सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उग्रवादियों ने पुलिस को निशाना बनाने की योजना बनाई थी, जिनकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की।

*******************

दुमका जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर जिला आपराधिक गिरोह के छह अपराधियों को हथियारों और लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि यह गिरोह झारखंड और बिहार के कई जिलें में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था।

*******************

सावन पूर्णिमा के अवसर पर आज दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर में अर्घ्य के माध्यम से जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है, जो देर रात्रि ग्यारह बजे तक जारी रहेगी।

*******************

खूंटी जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के मकसद से आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। तीन दिनों के इस आकांक्षा हाट में प्रखंडों के छोटे–छोटे समूहों के उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। यहां विद्य़ार्थियों ने भी सोहराय पेंटिंग लगाई गई है। जेएसएलपीएस की दीदियों ने आकांक्षा हाट से हो रहे फायदे बताए।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 94 हजार 3 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

दुमका में खेलो इंडिया के तहत आयोजित रीजनल फुटबॉल चैंपियनशिप में देवघर जोन की टीम ओवरआल चैंपियन बनी है। देवघर ने अंडर 19 में धनबाद और अंडर 17 तथा अंडर– 14 में रांची जोन को फाइनल में पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

*******************